न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

पीठासीन अधिकारी :– बाबूलाल जाट, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 83/2020 **GCMS No. 2020/00169**

प्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण

भागीरथराम, नन्दाराम पुत्र बोदूराम जाट, गोविन्दराम गंगाराम नोपाराम पुत्रान केसाराम जाट, जोराराम मांगुराम पि. गोदूराम जाट नानूराम पुत्र केसाराम नानूराम पुत्र लादूराम पारकीदेवी पत्नी बेगाराम बेगाराम पुत्र नुन्दाराम सेवाराम पुत्र रामूराम हुक्माराम पुत्र रामुराम जाट वगैरह निवासीगण कांकोट तहसील कुचामनसिटी (नागौर)

आदेश

दिनॉक :– 25.9.2020

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का शिव व भू–अभिलेख निरीक्षक चितावा एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार ग्राम कांकोट पटवार मण्डल शिव तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 286/29, 29, 39, 37, 257/37, 256/37, 33, 273/48, 48 मौके पर रास्ता चालू होकर खसरा नम्बर 47 तक जाता है मौके पर यह रास्ता करीब 20–25 वर्षो से चालू होकर कदीमी रास्ते के काम लिया जा रहा है उक्त कदीमी रास्ते को राजस्व रेकर्ड में दर्ज हेतु मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा कुछ खातेदारान द्वारा उक्त भूमि को रास्ते हेतु सहमति प्रदान की है एवं शेष को जरिये नोटिस तलब करने के बावजूद अनुपस्थित रहने से एक पक्षीय कार्यवाही की गई, साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त भूमि को रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने की अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम कांकोट पटवार मण्डल शिव तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 286/29, 29, 39, 37, 257/37, 256/37, 33, 273/48, 48 पटवारी हल्का एवं भू.अ.निरीक्षक दिनॉक 13.08.2020 एवं नजरी नक्शे मुताबिक रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी उक्त अनुसार पालना कर रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 25/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2020.10.24 12:54:15 IST
Reason: SelfAttested